शब्दबाणों का प्रहार

# राष्ट्रबाण

संपादकः संजय बघेल

मध्य भारत का सबसे लोकप्रिय अखबार

सिवनी, मंगलवार 11 फरवरी 2025 • वर्ष : 09 अंक : 349 पृष्ठ : 08 मूल्य : 5.00 रुपए

www.facebook.com/rashtrabaan www.twitter.com/rashtrabaan

## न्यूज ब्रीफ

### लंपी स्किन डिसीज के लिए पहली वैक्सीन को ड्रग्स अथॉरिटी ने लाइसेंस दिया

**नईदिल्ली।** भारत बायोटेक ग्रुप की कंपनी बायोवेट की डेयरी पशुओं को होने वाली बीमारी लंपी स्किन डिसीज के लिए बनाई वैक्सीन को सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन ने लाइसेंस दे दिया है। कंपनी का दावा है कि यह दुनिया की पहली वैक्सीन है जो तेजी से फैलने वाले वायरल इन्फेक्शन से मवेशियों को बचाएगी। इस बीमारी के लक्षणों में बुखार, त्वचा पर सूजन और लिम्फ नोड्स का बढ़ना शामिल हैं। बायोवेट ने इस वैक्सीन को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहयोग से तैयार किया है। इसे बायोलंपीवैक्सीन नाम दिया गया है और जल्द ही इसे बाजार में लॉन्च किया जाएगा।

### पोस्ट पर वोटिंग को लेकर विवाद में युवक ने नाबालिग की चाकू मारकर हत्या की

**वर्धा।** महाराष्ट्र के वर्धा में एक शख्स ने इंस्टाग्राम पोस्ट को लेकर हुए विवाद में 17 साल के लड़के की हत्या कर दी। यह घटना शनिवार को पिंपलगांव में घटी है। हिंगणघाट थाने के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एक महीने पहले पीड़ित हिमांशु चिमने और आरोपी जुमनाके (21) ने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी डाली थी, जिसमें सोशल मीडिया यूजर्स से वोट मांगे थे। चिमने को हिमांशु से अधिक वोट मिले। इस बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। इस मसले को सुलझाने के लिए दोनों शनिवार को मिले। इसी बीच दोनों में कहासुनी हो गई और आरोपी हिमांशु ने चिमने की चाकू से हमला कर हत्या कर दी।

### सीबीआई ने कोंकण रेलवे के चीफ इंजीनियर पर भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया

**श्रीनगर।** सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन ने सोमवार को कोंकण रेलवे के चीफ इंजीनियर पर रिश्वतखोरी का केस दर्ज किया है। 2005 बैच के आईआरएसई (भारतीय रेलवे इंजीनियर्स सेवा) अधिकारी सुमित खजूरिया पर उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक प्रोजेक्ट में शामिल पारस रेलटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के पेंडिंग बिल को मंजूरी देने का आरोप है। इसके साथ ही कंपनी के निदेशकों राजेश कुमार जैन, पुष्प राज सिंह और सुलभ रावत पर एंटी-करप्शन एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# परीक्षा पे चर्चा- प्रधानमंत्री ने फोकस के लिए दिया क्रिकेट मंत्र

**कहा- सिर्फ बॉल पर फोकस करें, शोर पर नहीं; पेरेंट्स पढ़ाई का प्रेशर न डालें**



नई दिल्ली। एजेंसी

परीक्षा पे चर्चा के आठवें एडिशन में पीएम नरेंद्र मोदी ने 10वीं ओर 12वीं के स्टूडेंट्स से बोर्ड एग्जाम्स को लेकर बातचीत की। पीएम ने स्टूडेंट्स से कहा- सबसे पास दिन में 24 घंटे ही होते हैं। कोई इतने ही समय में सब-कुछ कर लेता है, तो कोई यही कहता रहता है कि समय नहीं है। ऐसे में टाइम मैनेजमेंट सीखना बहुत जरूरी है।

### • बच्चों को टाइम मैनेजमेंट सीखना चाहिए

सबसे पास दिन में 24 घंटे होते हैं। कोई इसमें सब-कुछ कर लेता है, कोई रोता रहता है कि पढ़ने का समय नहीं मिलता। वास्तव में वो अपना समय मैनेज करना नहीं जानते। यह सोचना चाहिए कि हम अपने समय का ज्यादा से ज्यादा उपयोग कैसे करें।

### • किताबों का जेलखाना नहीं, खुला आसमान

आप डांस करते हैं तो कैसा लगता है, अच्छा लगता है ना? आप माता-पिता को समझाइए कि हर वक्त पढ़ाई करेंगे तो तनाव रहेगा। बच्चों को दीवारों में बंद करके किताबों का ही जेलखाना बना देंगे तो बच्चे कभी भी विकास नहीं कर पाएंगे। उन्हें खुला आसमान चाहिए।

### • टीचर को बच्चों की ताकत पहचाननी होगी

मैं अहमदाबाद में स्कूल में गया एक बच्चे के मां-बाप ने चिट्ठी लिखी थी कि उसे निकाल रहे हैं। बाद में टिंकरिंग लैब शुरू हुआ, वो बच्चा उसमें समय बिताने लगा। उस बच्चे ने रोबोट बनाया। उसके पास कुछ विशेष ताकत है, टीचर को पहचानना होगा।

### • पॉजिटिविटी खोजने की आदत डालें

जितने दोस्त हैं, उन्हें याद करो। उनके पूरे नाम लिख सकते हो क्या? नहीं। इसका मतलब कि जिसे आप अच्छा दोस्त मानते हो उसकी जानकारी कम है। फिर सोचो कि उसके गुण लिख सकते हैं क्या। इसके बाद आपको किसी भी बात में पॉजिटिव खोजने की आदत पड़ जाएगी।

### पीएम मोदी की स्टूडेंट्स, टीचर्स और पेरेंट्स को सीख

**पेरेंट्स-टीचर्स बच्चों की भावनाओं को समझें :** परिवार बच्चों को प्रेशर देता है। बच्चे को आर्टिस्ट बनना है तो कहते हैं कि इंजीनियर बनो। माता-पिता आप अपने बच्चों की इच्छाओं को समझिए, क्षमताओं को समझिए। मदद कीजिए। हमें सोचना चाहिए कि परीक्षा जरूरी है या जीवन। टीचर्स दूसरे बच्चों से तुलना न करें। कुछ कहना है तो अलग से कहें।

**टारगेट ऐसा बनाएं जो पहुंच में हो, पकड़ में नहीं :** ज्यादातर लोग खुद से स्पर्धा नहीं करते, दूसरे से करते हैं। जो खुद से स्पर्धा करता है, उसका विश्वास कभी टूटता नहीं। टारगेट हमेशा ऐसा हो, जो पहुंच में हो, लेकिन पकड़ में न हो। 95 प्रतिशत मार्क्स लाने का टारगेट था और 93 प्रतिशत आए तो आप सफल हैं।

**बॉडी पर कंट्रोल सीखने के लिए प्राणायाम करें :** झरने की आवाज सुनिए। आपको आवाज सुनाई दे रही है। आप लोगों को मेडिटेशन करना चाहिए। आपके मन में क्या चल रहा है, उसे भी सोचिए। अगर ऐसा कर रहे हैं तो आपका ध्यान केंद्रित हो रहा है। परेशानी, चिंता से निकलने के लिए प्राणायाम कीजिए। आपको आपकी बॉडी पर कंट्रोल होगा।

**मन की बात पेरेंट्स से कहें, तनाव दूर होगा :** अगर किसी पल को जिया नहीं तो वो चला जाएगा, फिर नहीं लौटेगा। याद करें कि अपने भाई से पहले बहुत बात करते थे, अब नहीं करते। पहले स्कूल से आते ही सारी बात मां को बताते थे, अब नहीं कर रहे हैं। धीरे-धीरे आप सिमटते जाते हैं।

# बजट सत्र का सातवां दिनः सोनिया गांधी राज्यसभा में बोलीं- 14 करोड़ लोग खाद्य सुरक्षा कानून से वंचित

नई दिल्ली। एजेंसी

**संसद** के बजट सत्र का सोमवार को सातवां दिन है। राज्यसभा में कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी ने कहा कि 14 करोड़ लोग खाद्य सुरक्षा कानून से बाहर हैं। उन्हें इस कानून के दायरे में लाना चाहिए। सोनिया ने सरकार से मांग की कि जल्द से जल्द जनगणना करवानी चाहिए। संसद में आज महाकुंभ भगदड़ को लेकर हंगामा हो सकता है। विपक्षी सांसद इस मुद्दे पर चर्चा चाहते हैं। उनकी मांग है कि यूपी सरकार भगदड़ में मरने वालों का सही आंकड़ा जारी करे। आप के राज्यसभा सांसद



संजय सिंह ने राज्यसभा में इसी मुद्दे पर चर्चा के लिए स्थगन नोटिस दिया है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 7 फरवरी को नए इनकम टैक्स बिल को मंजूरी दे दी थी। आज इसे लोकसभा में पेश किया जा सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह बिल टैक्सेशन सिस्टम में सुधार के लिए एक बड़ा सुधार ला सकता है।

### निशिकांत दुबे बोले- भारत में यूएसएआईडी से फंडिंग पाने वाले संगठनों की जांच करे सरकार

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने सरकार से मांग की कि भारत में यूएसएआईडी (यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट) की तरफ से फंडिंग पा रहे संगठनों की जांच करें। उन्होंने आरोप लगाया कि इनमें से ज्यादातर संगठन देश में अशांति फैलाने का काम करते हैं और कांग्रेस पार्टी से जुड़े हैं। दुबे ने यह भी कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूएसएआईडी को इसलिए बंद कर दिया था, क्योंकि यह एजेंसी सिर्फ दुनिया भर में सरकारों को गिराने के लिए पैसे खर्च करती थी। लोकसभा में शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाते हुए दुबे ने दावा किया कि यूएसएआईडी की तरफ से फंडिंग पाने वाले संगठनों ने सरकार की अग्निवीर योजना के खिलाफ प्रदर्शन किए।

राष्ट्रबाण
सिवनी, मंगलवार 11 फरवरी 2025



# बेंगलुरु में एयरो इंडिया-2025 शो

## तेजस हवा में 360 डिग्री घूमा; सुखोई का आसमान में करतब; सूर्य किरण से निकले 3 रंग

बेंगलुरु। एजेंसी

**एशिया** के सबसे बड़े एयर शो में से एक एयरो इंडिया 2025 की आज से शुरुआत हो गई। यह शो बेंगलुरु के येलाहेंका एयरफोर्स स्टेशन पर आयोजित किया जा रहा है। जो 14 फरवरी तक चलेगा। एयर शो में तेजस मार्क 1ए विमान ने हवा में 360ए चक्कर लगाया। वहीं सुखोई एसयू-30 एमकेआई ने भी आसमान में करतब दिखाया। सूर्य किरण ने हवा में उड़ान के दौरान तीन रंग फैलाए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एयरोस्पेस और रक्षा प्रदर्शनी के 15वें संस्करण का उद्घाटन किया। शो में करीब 30 देशों के रक्षामंत्री या प्रतिनिधि और 43 देशों के वायु सेना प्रमुख और सचिव मौजूद रहेंगे। शो के पहले 3 दिन बिजनेस विजिटर्स और आखिरी 2 दिन आम लोगों के लिए रहेंगे। इसमें पांचवीं जनरेशन के फाइटर जेट भी शामिल किए गए हैं। अमेरिकी एयरफोर्स ने अपने पांचवीं जनरेशन के फाइटर जेट स्न-35 को और रूस ने अपने सुखोई-स्-57 को बेंगलुरु के एयर शो में प्रदर्शन के लिए भेजा है।

**रक्षा मंत्री बोले- कमजोर सुरक्षा व्यवस्था से शांति नहीं मिल सकती**

एयर शो का इनॉगरेशन करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- एयरो इंडिया हमें आपसी सम्मान, आपसी हित और आपसी लाभ के आधार पर संबंधों को बढ़ाने का मंच प्रदान करता है। हमें मिलकर आज की अनिश्चितता और सामने आ रही चुनौतियों से निपटने का प्रयास करना चाहिए। सुरक्षा की कमजोर स्थिति में शांति कभी प्राप्त नहीं हो सकती। हम सभी को मिलकर मजबूत बनना होगा, तभी हम शांति सुनिश्चित कर पाएंगे। वैश्विक अनिश्चितता के इस माहौल में भारत एक ऐसा बड़ा देश है जहां हम शांति और समृद्धि देख सकते हैं।

रूस का भारत को पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान एसयू-57 का ऑफर एयर शो में रूस पहली बार पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट एसयू-57 के साथ आया है। रूसी एजेंसी रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के महानिदेशक अलेक्जेंडर मिखेव ने भारत को एसयू-57 देने का ऑफर किया है। उन्होंने कहा, हम सप्लाई और जॉइंट प्रोडक्शन के लिए तैयार हैं। हालांकि, भारत ने अब तक इस बारे में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। भारत-रूस में 2007 में पांचवीं पीढ़ी के जेट विकसित करने का करार हुआ था, लेकिन टेक ट्रांसफर पर मतभेद के कारण बात नहीं बनी।



### अमेरिका मोदी की यात्रा के दौरान जेट एफ-35 की पेशकश कर सकता है

एयरो इंडिया शो में लगातार दूसरे साल अमेरिका ने अपने पांचवीं पीढ़ी के जेट एफ-35 को भेजा है। जानकारों का कहना है कि पीएम नरेंद्र मोदी की 12 और 13 फरवरी को अमेरिका यात्रा के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भारत को एफ-35 देने की पेशकश कर सकते हैं। दोनों नेताओं के बीच तेजस मार्क 1ए के लिए जीई इंजन और 6 अपाचे हेलिकॉप्टर की आपूर्ति के बारे में भी बातचीत संभव है।

### भारत के पास पांचवी जनरेशन के जेट्स नहीं

इंडियन एयरफोर्स के पास अभी पांचवीं जनरेशन के फाइटर जेट नहीं हैं। बीते साल सरकार ने पांचवीं जनरेशन के फाइटर जेट भारत में ही बनाने के प्रोजेक्ट को मंजूरी दी थी और साल 2035 तक ये जेट्स एयरफोर्स में शामिल किए जा सकते हैं। भारत के पास 4.5 जनरेशन के फ्रांस से खरीदे राफेल फाइटर जेट्स हैं।

# राष्ट्रपति ने महाकुंभ में डुबकी लगाई, सूर्य को अर्घ्य दिया



**प्रयागराज।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को महाकुंभ पहुंचीं। उन्होंने संगम में 3 डुबकी लगाई। भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। स्नान से पहले मां गंगा को पुष्प अर्पित किए। मंत्रोच्चार के बीच गंगा पूजन और आरती की। इसके बाद राष्ट्रपति लेटे हनुमान मंदिर पहुंचीं और आरती की, फिर अक्षयवट धाम पहुंची और दर्शन-पूजन किया। राष्ट्रपति के साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और सीएम योगी भी हैं। राष्ट्रपति का हेलिकॉप्टर सोमवार सुबह साढ़े 9 बजे बमरौली एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। यहां राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और सीएम योगी ने स्वागत किया। वहां से अरैल पहुंचीं, फिर बोट से संगम पहुंचीं और स्नान किया। राष्ट्रपति शाम चार बजे तक प्रयागराज में रहेंगी। द्रौपदी मुर्मू देश की दूसरी राष्ट्रपति हैं, जिन्होंने महाकुंभ में स्नान किया। इससे पहले, 1954 में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने भी महाकुंभ में स्नान किया था।

महाकुंभ का आज 29वां दिन है। 13 जनवरी से अब तक 43.57 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। आज शाम 6 बजे तक 1.10 करोड़ लोग स्नान कर चुके हैं। उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भी परिवार के साथ संगम में डुबकी लगाई। भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया।

# सीएम से एलजी बोले-आपको यमुना मैया का श्राप लगा

## आतिशी से कहा- आपके बॉस केजरीवाल को चेताया था, उन्होंने यमुना सफाई प्रोजेक्ट रोका

नई दिल्ली। एजेंसी

**दिल्ली** के एलजी विनय कुमार सक्सेना ने मुख्यमंत्री आतिशी से कहा है कि आपको यमुना मैया का श्राप लगा है, इसलिए आपकी पार्टी चुनाव हारी। सूत्रों के मुताबिक एलजी ने ये बातें 9 फरवरी को तब कहीं थीं, जब आतिशी दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने उनके पास गई थीं।

सूत्रों के मुताबिक, एलजी सक्सेना ने आतिशी से कहा कि उन्होंने उनके बॉस अरविंद केजरीवाल को यमुना के श्राप के बारे में चेतावनी दी थी, क्योंकि उन्होंने नदी की सफाई के लिए एक परियोजना को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई थी। एलजी हाउस के सूत्रों के अनुसार, आतिशी ने एलजी की टिप्पणी का जवाब नहीं दिया।

2 साल पुराना विवाद जनवरी, 2023 में यमुना का प्रदूषण कम करने के लिए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने एलजी की अध्यक्षता में एक हाई लेवल कमेटी बनाई थी। जैसे ही कमेटी ने अपना काम शुरू किया, केजरीवाल ने अपना समर्थन जताया और सहायता की पेशकश की।

हालांकि बाद में केजरीवाल सरकार ने एनजीटी के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। दिल्ली सरकार के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने तर्क दिया कि एक डोमेन एक्सपर्ट को पैनल का नेतृत्व करना चाहिए। कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी थी। यह रोक 2 साल से अधिक समय से बरकरार है।



### आशुतोष बोले- आप तब खत्म हो गई, जब नेता चार्टर्ड प्लेन पर घूमने और शीशमहल में रहने लगे

आप के पूर्व नेता आशुतोष ने कहा है कि पार्टी तभी खत्म हो गई थी, जब नेता चार्टर्ड प्लेन पर घूमने लगे, प्रेसिडेंशियल सूट पहनने लगे और शीश महल में रहने लगे। शीश महल का जिक्र सीधे तौर पर अरविंद केजरीवाल के लिए था, क्योंकि भाजपा ने इसी मुद्दे को लेकर केजरीवाल पर हमला बोला था। पूरे दिल्ली चुनाव में भाजपा ने इसी मुद्दे को मजबूती से उठाया था। आशुतोष ने 2014 का लोकसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन भाजपा के हर्षवर्धन से हार गए थे। उन्होंने 2018 में व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए आप छोड़ दी थी।

# तिरुपति लड्डू विवाद, सीबीआई ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया

## जांच में खुलासा- डेयरी मालिक ने फेक डॉक्यूमेंट से घी सप्लाई का टेंडर लिया

नई दिल्ली/तिरुपति। एजेंसी

**तिरुपति** मंदिर के लड्डू प्रसादम् में मिलावट के मामले में गिरफ्तार 4 आरोपियों को कोर्ट ने 20 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। सीबीआई टीम ने इन्हें रविवार को गिरफ्तार किया था, इसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया था।


आरोपियों की पहचान भोले बाबा डेयरी के पूर्व निदेशक विपिन जैन और पोमिल जैन, वैष्णवी डेयरी के अपूर्व चावड़ा और एआर डेयरी के राजू राजशेखरन के रूप में हुई है। चारों को प्रसाद के लड्डू बनाने के लिए घी की सप्लाई में अनियमितताएं मिलने पर गिरफ्तार किया गया था।

सीबीआई को जांच में पता चला कि वैष्णवी डेयरी के प्रतिनिधियों ने एआर डेयरी के नाम पर टेंडर हासिल किए थे। वैष्णवी डेयरी ने टेंडर प्रक्रिया में हेराफेरी करने के लिए



एआर डेयरी के नाम का इस्तेमाल करते हुए फर्जी डॉक्यूमेंट और मुहरें बनाई थीं।

वैष्णवी डेयरी द्वारा बनाए गए नकली रिकॉर्ड में दावा किया गया कि उसने रुड़की में भोले बाबा डेयरी से घी खरीदा है, लेकिन उसके पास जरूरी मात्रा में आपूर्ति करने की क्षमता नहीं थी। सुप्रीम कोर्ट ने जांच के लिए टीम बनाई थी तिरुपति के प्रसाद में पशुओं की चर्बी मिलाए जाने के आरोपों के बाद सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल नवंबर में 5 सदस्यीय एसआईटी का गठन किया था। इसमें सीबीआई के 2, आंध्र प्रदेश पुलिस के 2 और भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के एक अधिकारी शामिल हैं।



दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत और कांग्रेस की हार के बीच आम आदमी पार्टी की पराजय का मुद्दा उत्पन्न हुआ है। केजरीवाल की पार्टी ने इस बार 43.57त्न वोट और 22 सीटें हासिल कीं

# आप का क्या होगा

**दिल्ली विधानसभा** चुनावों के नतीजों ने जहां बीजेपी के लिए खुशियों का कमल खिला दिया है, वहीं शून्य का हैट्रिक लगाने वाली कांग्रेस को भी आप की हार सुनिश्चित करने का संतोष मिला है। लेकिन जो बात इन चुनाव नतीजों को ऐतिहासिक बनाती है, वह है आंदोलन से निकली पार्टी आप का हश्र। उसकी इस हार के विपक्षी ब्लॉक इंडिया पर पड़ने वाले गंभीर असर से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

### सबसे मुश्किल दौर

वैसे, लोकतंत्र में किसी पार्टी के लिए चुनाव हारकर सत्ता से बाहर होना कोई अनोखी बात नहीं है। फिर यह भी है कि लगातार दो चुनावों में विपक्ष का लगभग सफाया कर देने वाली आम आदमी पार्टी भले ही सत्ता से बाहर हो गई हो, लेकिन 43.57 प्रतिशत वोट उसे इस बार भी मिले हैं। 22 विधायक भी निर्वाचित हुए हैं उसके। यानी मजबूत विपक्ष की भूमिका में वह अब भी बनी रहेगी। फिर भी इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि इन नतीजों के बाद पार्टी अब तक के अपने सबसे मुश्किल दौर में आ गई है।

### साख पर सवाल

आंदोलन से निकली इस पार्टी की ताकत यह थी कि इसने वैकल्पिक राजनीति के सपनों को पंख दिए थे। इसके सबसे बड़े नेता अरविंद केजरीवाल ईमानदारी और सादगी के पोस्टर बॉय बनकर उभरे थे। लेकिन हाल के दिनों में न केवल केजरीवाल की उस साख पर चोट लगी बल्कि वैकल्पिक राजनीति का पार्टी का दावा भी कमजोर पड़ा।

**क्या है जोखिम:** पार्टी के केंद्र में हमेशा से केजरीवाल ही रहे। पूरी पार्टी को एकजुट रखने वाले सबसे मजबूत फैक्टर भी वही थे। अब न केवल दिल्ली की सत्ता उनके हाथ से चली गई है बल्कि वह खुद अपना चुनाव भी हार गए। उन पर कई मुकदमे भी चल रहे हैं। ऐसे में पार्टी के बिखराव का खतरा मंडरा रहा है। देखना होगा कि पार्टी इस खतरे से कैसे निपटती है।

### इंडिया पर असर

दिल्ली के इन चुनावों में जिस तरह से आप और कांग्रेस आमने-सामने दिखी और विपक्षी गठबंधन के कई प्रमुख घटक दल आप का स्पष्ट रूप से पक्ष लेते दिखे, उसके बाद इस विवाद का बढ़ना लगभग तय है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के उस ट्वीट से यह और स्पष्ट हो गया जिसमें उन्होंने दोनों पार्टियों पर तंज कसते हुए कहा था- और लड़ो आपस में। देखना होगा कि विपक्षी खेमे का यह विवाद कितना आगे बढ़ता है और गठबंधन इससे कैसे निपटता है।

# 'फ्री की राजनीति' पर जनता का फैसला, दिल्ली का रुख बदला

दिल्ली सरकार के पास शासन क्षेत्र सीमित है, उसे केंद्र के साथ तालमेल बिठा कर ही विकास योजनाओं पर आगे कदम बढ़ाना होता है। आम आदमी पार्टी सरकार और केंद्र के बीच शुरू से तनातनी बनी हुई थी, जिसके बीच अपने अधिकारों को लेकर कई बार केजरीवाल सरकार को अदालत तक का दरवाजा खटखटाना पड़ा।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे अप्रत्याशित नहीं कहे जा सकते। यह चुनाव शुरू से दो-ध्रुवीय था। भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच सीधी टक्कर थी। कांग्रेस ने जरूर दावेदारी की थी, मगर जैसे-जैसे चुनाव की सरगर्मी बढ़ती गई, उसे अहसास होने लगा था कि वह मुकाबले में नहीं है। इसका नतीजा यह हुआ कि उसे शिथिलता ने घेर लिया। भाजपा लंबे समय से आम आदमी पार्टी की कमजोरियों और अनियमितताओं को उजागर करती आ रही थी। इस तरह वह लोगों के मन में सत्ताविरोधी लहर पैदा करने में कामयाब भी हुई। हालांकि तमाम सर्वेक्षणों से यही पता चल रहा था कि दिल्ली की बड़ी आबादी आम आदमी पार्टी सरकार से बहुत नाखुश नहीं थी, मगर उनमें से काफी लोग इस बार बदलाव चाहते थे। आम आदमी पार्टी की साख को सबसे अधिक नुकसान कथित शराब घोटाले की वजह से हुआ।

इस मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को जेल जाना पड़ा था। पार्टी लगातार दलील देती रही कि उसके नेताओं को झूठे आरोप में फंसाया गया है, मगर वह लोगों के गले नहीं उतरी। उन्होंने दागी नेताओं को शिकस्त दी। इन नतीजों से यह भी जाहिर हुआ है कि भाजपा के काम पर लोगों का भरोसा कमजोर नहीं हुआ है।




हालांकि दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस बार मुद्दों से अधिक मुफ्त की योजनाओं का शोर सुनाई दिया। आम आदमी पार्टी सरकार पहले से मुफ्त बिजली-पानी और शिक्षा-स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का लाभ लोगों को पहुंचा रही थी। इसे लेकर बहुत सारे लोगों के मन में एक आकर्षण बना हुआ था। फिर सरकार ने चुनाव से ऐन पहले घोषणा कर दी कि वह हर महिला को इक्कीस सौ रुपए हर महीने देगी। इसके लिए पंजीकरण भी शुरू कर दिया। इसके जवाब में भाजपा ने ढाई हजार रुपए हर महीने देने की घोषणा कर दी। फिर यह भी भरोसा दिलाया कि जो योजनाएं पहले से चल रही हैं, अगर उसकी सरकार बनी तो, उन्हें बंद नहीं किया जाएगा।

इस वादे पर लोगों ने भरोसा किया। दूसरे कुछ राज्यों में भी भाजपा महिलाओं के लिए नगद राशि देने की योजनाएं चला रही है। जबकि पहले भाजपा खुद दिल्ली सरकार की मुफ्त की योजनाओं की मुखर आलोचना करती थी, मगर चुनाव आते ही उसने भी आम आदमी पार्टी को उसी के दांव से पटखनी देने का फैसला कर लिया और उसमें उसे कामयाबी भी मिली।

दिल्ली सरकार के पास शासन क्षेत्र सीमित है, उसे केंद्र के साथ तालमेल बिठा कर ही विकास योजनाओं पर आगे कदम बढ़ाना होता है। आम आदमी पार्टी सरकार और केंद्र के बीच शुरू से तनातनी बनी हुई थी, जिसके बीच अपने अधिकारों को लेकर कई बार केजरीवाल सरकार को अदालत तक का दरवाजा खटखटाना पड़ा। उपराज्यपाल से उनके रिश्ते कभी समरस नहीं रहे। ऐसे में भाजपा की सरकार बनने के बाद वह खींचतान समाप्त हो जाएगी और उम्मीद बनी है कि कुछ बेहतर और उल्लेखनीय काम हो सकेंगे। मगर नई सरकार के सामने चुनौतियां भी कम न होंगी। आम आदमी पार्टी सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी जो काम किए हैं, उससे बेहतर काम करके दिखाना होगा। फिर शहर की साफ-सफाई, जलभराव आदि जैसी समस्याओं से निपटना हर वर्ष की चुनौती है। नगर निगम के साथ किस तरह तालमेल बिठा कर वह इन मसलों को हल करने का प्रयास करेगी, उसी आधार पर उसका जनाधार मजबूत हो सकता है।

विश्लेषण

# घरेलू हिंसा कानून का दुरुपयोग

## नाहक आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा- बेगुनाहों को न फंसाएं

**महिलाओं** के उत्पीड़न की रोकथाम के लिए बने कानूनों का मकसद समाज में महिलाओं के खिलाफ कई स्तर पर पलने वाले हिंसक रवैये से उन्हें सुरक्षा देना है। इसमें कोई दोराय नहीं कि महिलाओं को घरेलू हिंसा और अन्य प्रकार के उत्पीड़न से बचाने के लिए जो कानून बने हैं, वे अपने उद्देश्य और प्रभाव के स्तर पर वास्तव में लागू होने चाहिए। मगर इन कानूनों के पालन के साथ यह जिम्मेदारी भी जुड़ी हुई है कि जाने या अनजाने इस कानून का किसी रूप में दुरुपयोग न हो। विडंबना यह है कि कई बार कानूनों का इस्तेमाल मुख्य आरोपी के साथ ही ऐसे लोगों पर भी कर दिया जाता है, जो संबंधित मामले में भागीदार नहीं होते। ऐसे मामलों में अगर किन्हीं वजहों से ऐसे आरोप गलत साबित होते हैं, तो न केवल पीड़ित को असुविधाजनक स्थिति का सामना करना पड़ता है, बल्कि कानूनों के बेजा इस्तेमाल का सवाल भी उठता है।

शायद यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान घरेलू हिंसा के मामलों से अत्यंत संवेदनशीलता के साथ निपटने की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि किसी आरोपी के परिवार के सदस्यों को आपराधिक मामले में विशिष्ट आरोप के बिना व्यापक रूप से नहीं घसीटा जा सकता। महिलाओं के उत्पीड़न की रोकथाम के लिए बने कानूनों का मकसद समाज में महिलाओं के खिलाफ कई स्तर पर पलने वाले हिंसक रवैये से उन्हें सुरक्षा देना है। अगर किन्हीं हालात में महिलाओं के खिलाफ उत्पीड़न की घटना होती है और पीड़ित उन्हीं कानूनों का सहारा लेकर न्याय की मांग करती है, तो यह स्वाभाविक है। लेकिन अगर इस क्रम में कठघरे में वैसे लोग भी आ जाएं, जिनकी कोई भूमिका न हो, तो ऐसे में कानूनों के इस्तेमाल को लेकर सवाल उठते हैं।

उत्पीड़न के समय पीड़ित को बचाने के लिए आगे न आने पर संवेदनशीलता, मानवीयता और जिम्मेदारी के सवाल उठाए जा सकते हैं, लेकिन इसके लिए किसी को कानून के कठघरे में खड़ा करने की मंशा को उचित नहीं कहा जा सकता। हालांकि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि सामाजिक पूर्वाग्रहों की वजह से कई बार ऐसे हालात पैदा होते हैं, जिनकी शिकार महिलाएं होती हैं। ऐसे में कानून का सहारा लेने के मामले में ईमानदारी के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी अहम है।

राष्ट्रबाण
सिवनी, मंगलवार 11 फरवरी 2025

राजधानी राष्ट्रबाण

बैरसिया, हुजूर, कोलार

# बीएमएचआरसी की दवाओं की लिस्ट हुई अपडेट

## अब गैस पीड़ितों को नहीं मिल रहा खांसी का सिरप और दर्द निवारक ट्यूब

भोपाल। राष्ट्रबाण

**भोपाल** स्मारक अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (बीएमएचआरसी) में अब गैस पीड़ितों को खांसी का सिरप और दर्द का ट्यूब नहीं दी जा रही है। क्योंकि अस्पताल की दवा सूची को अपडेट किया गया है। इसके तहत इन दोनों दवाओं पर रोक लगा दी गई है। हालांकि, इसकी जगह कौन-सी दवा दी जाएगी, इस पर अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि, खांसी और दर्द के ट्यूब की जगह फॉर्मूला अपडेट कर दूसरी दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। जो बेहतर विकल्प हैं।



**10 दिन तक नहीं मिली एसिडिटी की दवा:** फरवरी महीने में मरीजों को 10 दिनों तक एसिडिटी की दवा नहीं मिल सकी, क्योंकि यूनिट में यह दवा उपलब्ध नहीं थी। 6 फरवरी को दवा यूनिट में पहुंचने के बाद मरीजों को इसे उपलब्ध कराया गया। बता दें कि, रोजाना सैकड़ों मरीजों को यहां से अन्य दवाओं के साथ एसिडिटी की दवा भी दी जाती है।

**पहले सेरोफ्लो इनहेलर की भी हुई थी कमी**

भोपाल स्मारक अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (बीएमएचआरसी) में श्वास की मुख्य दवा सेरोफ्लो इन्हेलर की भी कमी हुई थी। जिससे करीब 2 महीने तक अस्थमा के अटैक में काम आनी वाली यह दवा मरीजों को नहीं मिल सकी थी।

बीएमएचआरसी की 8 यूनिट्स में से 6 में सेरोफ्लो इनहेलर की शॉर्टेज थे।

**नहीं मिल रही दवा: मरीजों**

गिन्नौरी यूनिट में इलाज के लिए आई एक मरीज ने बताया कि, उन्हें खांसी की दवा नहीं दी जा रही है। इसकी जगह कोई अन्य टैबलेट या दवा भी नहीं दी गई। बीएमएचआरसी की निदेशक मनीषा श्रीवास्तव का कहना है कि दवाओं के फॉर्मूले नए नियमों के अनुसार अपडेट किए गए हैं। खांसी समेत सभी बीमारियों के लिए आवश्यक दवाएं उपलब्ध हैं और मरीजों को दी जा रही हैं। इसके अलावा, अन्य सभी आवश्यक दवाएं भी अस्पताल में उपलब्ध हैं।

# अंगदान पर मिलेगा राजकीय सम्मान

## मुख्यमंत्री हार्ट ट्रांसप्लांट के मरीज से मिले, जनता से भी की अपील

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सोमवार को एम्स भोपाल में 16 दिन पहले हृदय प्रत्यारोपण (हार्ट ट्रांसप्लांट) करवाने वाले मरीज दिनेश मालवीय से मुलाकात की। उन्होंने मरीज के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और कहा कि यह सफल ट्रांसप्लांट अंगदान के महत्व को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राज्य सरकार अंगदान और देहदान को प्रोत्साहित करने के लिए नई योजनाएं लागू करेगी।

**अंगदान करने वालों को मिलेगा राजकीय सम्मान**

मुख्यमंत्री ने कहा कि अंगदान करने वाले व्यक्तियों को राजकीय सम्मान दिया जाएगा। इसके तहत, मृतक के परिवार की सहमति से उनके पार्थिव शरीर को उचित चिकित्सा संस्थानों तक पहुंचाया जाएगा और अंतिम संस्कार के समय राजकीय सम्मान दिया जाएगा। इसके अलावा, यदि अंगदान करने वालों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है, तो सरकार इसे बनवाने में मदद करेगी। राष्ट्रीय पर्वों पर ऐसे लोगों को सम्मानित करने का भी प्रयास किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अंग प्रत्यारोपण को बढ़ावा देने के लिए एक राज्य स्तरीय संस्थान स्थापित किया जाएगा, जिससे मरीजों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें। साथ ही, प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में अंगदान और प्रत्यारोपण की व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मरीजों के शीघ्र इलाज के लिए एयर एम्बुलेंस और हेलिकॉप्टर सेवाओं का विस्तार करेगी।

# दो बाइकों की भिड़ंत में 3 की मौत, एक की हालत गंभीर

## आमने-सामने से तेज रफ्तार में आ रही थी बाइक

भोपाल। राष्ट्रबाण

भोपाल के बिलखिरिया थाना इलाके में स्थित हरीपुरा गांव में दो बाइकों की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में मामा-भांजे सहित तीनों लोगों की मौत हो गई। जबकि एक की हालत नाजुक है। उसका इलाज आनंद नगर स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल में चल रहा है। हादसा रविवार रात 10 बजे का है। तीनों बॉडी का एक साथ हमीदिया अस्पताल की मॉर्चुरी में सोमवार दोपहर को पीएम कराया गया है। तीनों बॉडी परिजनों के सुपुर्द कर दी गई हैं।

पुलिस के मुताबिक अर्जुन बंजारा पुत्र फूल सिंह बंजारा (18) निवासी देवगढ़ नरसिंहगढ़ 12 वीं के बाद पढ़ाई छोड़ चुका था। पिता के साथ खेतों में मेहनत मजदूरी करता था। रविवार की शाम को अपने गांव से भोपाल के हरीपुरा गांव में रहने वाली बड़ी बहन सीमा के घर बाइक पर सवार होकर आया था। उसके साथ दोस्त आकाश बंजारा भी था। शाम 6 बजे दोनों दोस्त बहन के घर पहुंचे। यहां से रात दस बजे गांव लौटने के लिए बाइक पर सवार होकर निकले।

**कुछ ही दूरी पर रिश्तेदारों की बाइक से टकराए**

दोनों दोस्त गांव से कुछ ही दूरी पर पहुंचे थे, तभी सामने से आ रही बाइक से उनकी बाइक की भिड़ंत हो गई। दोनों बाइके हादसे के समय तेज रफ्तार में थीं। इत्तफाक से दूसरी बाइक पर अर्जुन का मामा गोपाल सवार था और वही गाड़ी चला रहा था।

उनकी बाइक पर पीछे रामजी बंजारा (55) बैठे थे। घटना के समय तीनों हैलमेट नहीं लगाए थे और तीनों के सिर में गंभीर चोट आई। रामजी गांव के छोटे किसान थे, वहीं गोपाल ड्राइवरी करता था।



**अस्पताल में बारी-बारी तोड़ा दम**

हादसे के बाद चारों घायलों को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां बारी-बारी तीन घंटे के भीतर तीनों ने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि रामजी और गोपाल रायसेन जिले के तिकोदा गांव के रहने वाले थे। रामजी के साढ़ू भाई हरीपुरा गांव में रहते हैं। उनसे मिलने के लिए रामजी और गोपाल हरीपुरा गांव की ओर जा रहे थे।

**पिता बोले रिश्तेदारों ने दी हादसे की सूचना**

अर्जुन के पिता ने बताया कि हादसे की सूचना देर रात उन्हें रिश्तेदारों ने दी। सोमवार की सुबह भोपाल पहुंचे हैं, यहां मॉर्चुरी में बेटे का शव मिला। बेटे ने एक साल पहले ही 12 वीं कक्षा पास की थी, इसके बाद उसने पढ़ाई छोड़ दी थी। मेरे साथ मेहनत मजदूरी का काम करने लगा था। अर्जुन मेरा छोटा बेटा था, उससे बड़ा एक बेटा और है।

# भोपाल में आठवीं की छात्रा से रेप

## गांव के ही युवक ने अगवा कर बनाए थे संबंध; हत्या की धमकी देकर छोड़ा

**भोपाल।** भोपाल के सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाला एक युवक नाबालिग आठवीं कक्षा की स्टूडेंट को बहला-फुसलाकर अगवा कर ले गया। उसने नाबालिग को एक कमरे में बंधक बनाकर रेप किया। इसके बाद आरोपी ने पीड़िता को धमकी दी कि किसी को कुछ बताया तो हत्या कर देगा। घटना एक महीने पुरानी है। युवक जब फिर से नाबालिग पर शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव डालने लगा तो छात्रा ने अपने परिजनों को पूरी बात बताई। उनके साथ थाने पहुंचकर रविवार की रात को एफआईआर दर्ज करा दी। सोमवार को पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

**आरोपी और पीड़िता के बीच पुराना परिचय**

पुलिस ने बताया कि 14 वर्षीय किशोरी सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र के एक गांव में रहती तथा स्कूली स्टूडेंट हैं। एक ही गांव में रहने के कारण राहुल नाम के युवक से उसकी जान पहचान थी। दोनों के बीच बातचीत भी होती थी। इसी बात का फायदा उठाते हुए गत 25 जनवरी को युवक बहला-फुसलाकर नाबालिग को अपने साथ ले गया।

आरोपी ने डराने व धमकाने के बाद नाबालिग के साथ ज्यादती की। रेप करने के बाद युवक ने हत्या की धमकी दी थी। धमकी से सहमी नाबालिग ने वापस घर पहुंचने के बाद अपने परिजनों को कुछ भी नहीं बताया।

राष्ट्रबाण
सिवनी, मंगलवार 11 फरवरी 2025

# मध्यप्रदेश राष्ट्रबाण

ग्वालियर, चंबल, इंदौर, उज्जैन, भोपाल, नर्मदापुरम, सागर, रीवा, शहडोल और जबलपुर

# कुंभ के रास्ते जाम, जीतू पटवारी बोले-अव्यवस्था आस्था पर भारी

## अखिलेश यादव ने यूपी-एमपी सरकार पर कसा तंज; सीएम ने प्रशासन को दिए निर्देश

भोपाल। राष्ट्रबाण

**प्रयागराज** महाकुंभ जाने वाले हाईवे और सड़कों पर एमपी के रीवा, कटनी, सतना में जाम के हालातों पर राजनीति हो रही है। यूपी के पूर्व सीएम और सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने प्रयागराज महाकुंभ में जाने के बजाय घर जाने का आग्रह करते कटनी के पुलिसकर्मी का वीडियो शेयर करते हुए उप्र और मप्र सरकार पर हमला बोला।

अखिलेश यादव ने ट्वीट कर लिखा- इस पार-उस पार दोनों तरफ़ है 'भाजपा सरकार'। एक कहे आओ महाकुंभ दूसरा कहे न जाओ पार।



### सीएम ने श्रद्धालुओं के लिए जरूरी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए

सीएम ने ट्वीट कर लिखा- प्रयागराज महाकुंभ 2025 में सम्मिलित होने जा रहे बड़ी संख्या में प्रदेश एवं अन्य प्रदेशों के श्रद्धालुओं का चाक घाट (रीवा) से लेकर जबलपुर-कटनी-सिवनी जिले तक यातायात प्रभावित होने से मार्ग अवरुद्ध हो गया है, वाहनों में ज्यादातर बुजुर्ग, महिलाएं एवं बच्चे भी शामिल हैं। यह क्षेत्र अंतर्गत सभी जिला प्रशासन से लेकर नगरीय निकायों के अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निर्देशित किया है कि तुरन्त श्रद्धालुओं सहित सभी प्रभावित लोगों के लिए बुनियादी सुविधाओं जैसे भोजन, पानी, ठहरने की समुचित व्यवस्था, शौचालय एवं अन्य नागरिक सुविधाओं का इंतजाम किया जाए। मेरा सभी श्रद्धालुओं से विनम्र अनुरोध है कि आप भी सुगम आवागमन व्यवस्था बनाने में प्रशासन को सहयोग प्रदान करें, साथ ही इस क्षेत्र अंतर्गत सभी जनप्रतिनिधि भी प्रशासन के साथ व्यवस्था बनाने में सहयोग प्रदान करें।

### पटवारी बोले- 7500 करोड़ खर्च हुए फिर भी अव्यवस्था आस्था पर भारी है

प्रयागराज जाने वाले रास्तों पर लगे जाम और अव्यवस्थाओं को लेकर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने ट्वीट कर लिखा- मप्र के रीवा, कटनी, मैहर, चित्रकूट, जबलपुर से ही %महा-जाम% यात्रा बाधित कर रहा है। संगम से 250 किमी पहले श्रद्धालुओं को रोक रहे हैं। मध्य प्रदेश-उत्तर प्रदेश के बीच अराजकता का डबल-इंजन, बुलेट ट्रेन से तेज दौड़ रहा है और सरकारी समन्वय की कमी परेशानी बढ़ा रही है। सड़कों पर कई किमी कतारें हैं। लोग खाने-पीने की किल्लत का सामना कर रहे हैं। प्राथमिक उपचार भी नहीं मिल पा रहा है।

जीतू पटवारी ने लिखा- करीब 7500 करोड़ खर्च करके, 100 करोड़ धर्मप्रेमियों के लिए सुविधा का दावा था, किंतु ये अव्यवस्था आस्था पर भारी है।

**पूर्व सीएम बोले- मैं भी प्रयागराज जाने वाला था, लेकिन नहीं जा पाया**

पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने कुंभ को लेकर कहा- उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने कहा था कि कुम्भ में 100 करोड़ लोगों के स्नान की व्यवस्था है, लेकिन वे भूल गए कि इतने लोगों के वहां आने के रास्तों की भी व्यवस्था करना पड़ेगी। 40 किलोमीटर तक सड़कों में जाम लगा हुआ है, मैं भी रीवा से प्रयागराज जाने वाला था लेकिन पता किया कि वहां पहुंचना असंभव है और मुझे दिल्ली संसद भवन चर्चा के लिए पहुंचना था, इसीलिए मैं दिल्ली आ गया। आगे आने वाले दिनों में स्नान करने जाने के लिए प्रयास करूंगा।

# एमपी में बीजेपी के बाद कांग्रेस अपने जिलाध्यक्ष बदलेगी

## पुराने हटेंगे; दिल्ली से मंजूर होगी सूची, 2028 चुनाव की तैयारी, जीतू-उमंग कल से दौरे पर



भोपाल। राष्ट्रबाण

**मध्यप्रदेश** भाजपा कोविड के कारण रुके संगठन के चुनाव करीब 5 साल बाद करा रही है। बूथ समितियों, मंडल व जिला अध्यक्षों के चुनाव हो चुके हैं। जल्द की प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव भी होंगे। बीजेपी के बाद अब कांग्रेस भी अपने जिला अध्यक्ष बदलने जा रही है। कांग्रेस तीन साल पुराने जिलाध्यक्ष बदलेगी, जहां अध्यक्ष नहीं हैं वहां नए बनाएगी। ब्लॉक अध्यक्षों से लेकर जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की मंजूरी दिल्ली से ही होगी। पार्टी को मजबूती देने के लिए शीर्ष नेतृत्व प्रदेश में दौरे करेगा।

### ब्लॉक अध्यक्षों की लिस्ट फाइनल

कांग्रेस सूत्रों की मानें तो ब्लॉक अध्यक्षों को लेकर जीतू पटवारी ने सभी जिला प्रभारियों और प्रदेश के सह प्रभारियों के साथ चर्चा करके लिस्ट फाइनल कर ली है। ब्लॉक अध्यक्षों के लिए दिल्ली की हरी झंडी का इंतजार है। लिस्ट पर एआईसीसी से मंजूरी मिलते ही इसे जारी कर दिया जाएगा।

### 3 साल पुराने जिला अध्यक्ष बदले जाएंगे

कांग्रेस लगभग सभी जिला अध्यक्ष बदलने जा रही है। हालांकि किन अध्यक्षों को दोबारा मौका मिलेगा, ये अभी साफ नहीं है। जो जिला अध्यक्ष तीन साल का कार्यकाल पूरा कर चुके हैं, उनकी जगह नए अध्यक्ष की नियुक्ति होना तय है। संभावित नामों पर स्थानीय नेताओं, जिला प्रभारियों, सह प्रभारियों से फीडबैक लेकर पीसीसी चीफ ने नामों की लिस्ट तैयार की है। हालांकि कुछ जिलों में चर्चा अभी बाकी है।

# 2 साल से किसानों की समस्याओं की रिपोर्ट नहीं

## संगठनों के घेराव के बाद जागी सरकार; याद दिलाया 20 साल पुराना आदेश

भोपाल। राष्ट्रबाण

**किसानों** की समस्याओं की अनदेखी और इसके चलते इसी माह किसान संगठनों द्वारा मंत्रालय का घेराव किए जाने जैसा विरोध सामने आने के बाद अब मंत्रालय में बैठे अफसरों की नींद टूटी है। किसान संगठनों के विरोध प्रदर्शन में पहुंचे डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा को खासा विरोध झेलना पड़ा था।



इसके बाद अलग-अलग विभागों ने किसानों से संबंधित समस्याओं पर फोकस करना शुरू कर दिया है। जल संसाधन विभाग ने इसी तारतम्य में मैदानी अधिकारियों को बीस साल पुराना पत्र भेजकर याद दिलाया है कि जो जानकारी हर तीन माह में भेजना थी, वह दो साल में एक बार भी नहीं दी गई है। इसलिए जल्द जानकारी भेजी जाए ताकि निर्णय लिए जा सकें।

किसानों को खाद-बीज के संकट से निजात दिलाने के साथ खरीफ और रबी सीजन में फसलों की बोवनी और सिंचाई के लिए पानी दिलाने की जिम्मेदारी जल संसाधन विभाग की है। इसके लिए प्रदेश के किन गांवों में कितने किसानों तक सिंचाई के पानी पहुंच रहा है, इसकी रिपोर्ट जल संसाधन के अमीन और जल उपभोक्ता संथा के माध्यम से सरकार तक पहुंचती रही है लेकिन पिछले सालों में जल उपभोक्ता संस्था के गठन में देरी और अन्य लापरवाही के चलते किसानों की समस्याओं की अनदेखी हुई है, जिसके चलते भारतीय किसान संघ ने भोपाल में प्रदर्शन किया था।

### बीस साल पहले जल उपभोक्ता संथाओं को लेकर थे निर्देश

मध्यप्रदेश सिंचाई प्रबंधन में किसानों की भागीदारी अधिनियम 1999 के अंतर्गत जल उपभोक्ता संथाओं द्वारा किसानों के हित में किए जाने वाले कामों की मानिटरिंग के निर्देश 7 अक्टूबर 2004 को जारी किए गए थे। इसमें कहा गया था कि फील्ड के अफसरों द्वारा गांवों में जल उपभोक्ता संस्था के कामों की मासिक मानिटरिंग कर चीफ इंजीनियर के माध्यम से संचालक सहभागिता सिंचाई प्रबंधन को रिपोर्ट भेजी जाएगी। यह रिपोर्ट हर तीन महीने अप्रेल, जुलाई, अक्टूबर और जनवरी में भेजी जाना थी।

राष्ट्रबाण
सिवनी, मंगलवार 11 फरवरी 2025

बैतूल राष्ट्रबाण

• मुलताई • बैतूल बाजार • आमला • भैंसादंड • सारणी • बोरदई • आठनेर

# किसान की बेटी दीक्षा बोबड़े ने कर्तव्य पथ पर राष्ट्रपति के सामने की परेड




## गाजे बाजे के साथ 75 कैडेट्स ने जेएच कॉलेज में फूलमालाओं से किया स्वागत

**बैतूल। राष्ट्रबाण**

**साधारण** किसान परिवार में जन्मी दीक्षा बोबडे ने अपनी कड़ी मेहनत और साहस से वह कर दिखाया, जो लाखों युवाओं का सपना होता है। गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रपति के सामने कर्तव्य पथ पर परेड करने के बाद जब वह बैतूल लौटी, तो उनका महाविद्यालय में भव्य स्वागत और सम्मान किया गया।

एनसीसी की सीनियर अंडर ऑफिसर दीक्षा बोबडे 5 एमपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी नर्मदापुरम की कैडेट हैं। जयंती हाक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल में आयोजित समारोह में एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल दिनेश कनौजिया, ट्रेनिंग ऑफिसर विजय पाल सिंह, रोहित सिंह, शब्बीर अहमद, अमीर अशरफ, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर मीनाक्षी चौबे, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉक्टर कमलेश अहिरवार, एनएसएस जिला संगठक डॉक्टर सुखदेव डोंगरे और प्रोफेसर किरण खातरकर ने दीक्षा को नगद 4 हजार और मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

लगभग 75 एनसीसी कैडेट्स ने फूलमालाओं और पुष्पगुच्छों से दीक्षा का भव्य स्वागत किया। उन्हें बैंड बाजे के साथ विवेकानंद सभागृह तक ले जाया गया, जहां सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कर्नल दिनेश कनौजिया ने इस अवसर पर उपस्थित छात्राओं को सेना भर्ती प्रक्रिया, एसएसबी चयन प्रक्रिया और एनसीसी के बी एवं सी प्रमाणपत्रों की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉक्टर कमलेश अहिरवार ने बताया कि दीक्षा बोबडे किसान परिवार से हैं। उनकी माता चंपा बोबडे और पिता हीरालाल बोबडे की बेटी हैं। वह बीएससी तृतीय वर्ष बायोलॉजी की छात्रा हैं और हमेशा अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से महाविद्यालय का नाम रोशन करती रही हैं। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर मीनाक्षी चौबे ने दीक्षा की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अंडर ऑफिसर पल्लवी पवार, सोनाली देशमुख, पूनम महस्की, भूमिका राने, किरण धुर्वे, डाली परिहार, श्वेता झाड़े सहित अन्य एनसीसी कैडेट्स का सराहनीय योगदान रहा।

## बैतूल की बेटियों ने रचा इतिहास

### शिवानी उईके और सितारा कुमरे का फ्री नेशनल कबड्डी कैंप के लिए चयन



**बैतूल। राष्ट्रबाण**

**बैतूल** की बेटियां शिवानी उईके और सितारा कुमरे ने अपने खेल कौशल से जिले का नाम रोशन किया है। दोनों खिलाड़ियों का चयन फ्री नेशनल कबड्डी कैंप के लिए हुआ है। यह उपलब्धि जिला कबड्डी संघ बैतूल की टीम द्वारा जबलपुर में आयोजित मध्यप्रदेश राज्य अंतर जिला सीनियर महिला कबड्डी चैंपियनशिप में तृतीय स्थान हासिल करने के बाद आई है।

जिला कबड्डी संघ के सचिव नितेश राजपूत ने बताया कि यह चैंपियनशिप 22 नवंबर 2024 से 25 नवंबर 2024 तक आयोजित की गई थी। शिवानी उईके और सितारा कुमरे ने इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया, जिसके आधार पर उन्हें नेशनल कबड्डी कैंप के लिए चुना गया। यह कैंप भोपाल में दो दिन आयोजित होगा, जिसके बाद मध्य प्रदेश सीनियर महिला कबड्डी टीम का चयन किया जाएगा। यह टीम हरियाणा में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर कबड्डी संघ के मार्गदर्शक हेमंत चंद्र दुबे, रमेश भाटिया, राधेलाल बनखेड़े, राम नारायण शुक्ला, श्रीराम यादव, सारिक खान, नीलिमा पीटर, धर्मेंद्र पवार और तपेश साहू ने शिवानी और सितारा को बधाई दी और आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं। यह पहली बार है जब बैतूल की बेटियां सीनियर कबड्डी के नेशनल कैंप में शामिल होंगी, जो जिले के लिए गर्व का विषय है।

## ग्राम पंचायत बानूर में हुआ पट का समापन



**मुलताई । राष्ट्रबाण**

**ग्राम** पंचायत बानूर में 3 दिवसीय पट का समापन सोमवार के दिन हुआ। पट में लगभग 100 से ऊपर जोड़ियो ने भाग लिया जिसमें आसपास के ग्राम सहित दूर-दूर की भी जोड़ियां का आगमन हुआ। जहां पट के आयोजन से ग्राम में अधिक उत्साह बना हुआ है। जहां पट कमेटी के सचिव ने बताया कि मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार जी, राजेंद्र कवडे़ जिला पंचायत सदस्य के सानिध्य में संपन्न हुआ। ग्राम बानूर में विगत 2 वर्षो से पट का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कमेटी के अध्यक्ष सोमराज सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष अन्नालाल पवार, पट सचिव विशाल डोंगरे, एवं लीलाधर वर्मा, भीमराव कड़वे, पंडरी डोंगरे आदि की उपस्थिति में सुव्यवस्थित तरीके से पट संपन्न करवाया। जिसमें बाबा पटेल जामगांव की जोड़ी नाम सचिन सिरिजा ने धागा 5.62 सेकंड में तोड़कर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा द्वितीय इनाम भी इन्हीं की जोड़ी नाम रायफल वीर ने धागा 5.67 सेकंड में तोड़कर जीता। तृतीय स्थान अनिल यादव चिखली की जोड़ी नाम चेतक देवा ने 5.83 सेकंड में धागा तोड़कर प्राप्त किया।

## 70 किलोग्राम भार वर्ग में योगेश बने बॉडीबिल्डिंग चैंपियन

**बैतूल। राष्ट्रबाण**

**दिलबहार** चौक गंज में 9 फरवरी को आयोजित स्टेट लेवल बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में एसपी रॉयल जिम के संचालक और पूर्व सैनिक योगेश कुमार ने अपनी शानदार फिटनेस और परफेक्ट बॉडी प्रोपोर्शन के दम पर 70 किलोग्राम भार वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। है। उनके छोटे भाई विजय कुमार पोटफोडे (टीआरएफ) ने भी प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 60 किलोग्राम भार वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेताओं ने बताया कि इस उपलब्धि में उनके छोटे भाई प्रशांत (टीबीएफ) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पूर्व सैनिक योगेश कुमार ने बताया उन्होंने अपनी फिटनेस को संवारने और बॉडीबिल्डिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कठोर परिश्रम किया।



### मोस्ट मस्कुलर का खिताब भी जीत चुके हैं योगेश कुमार

यह पहला मौका नहीं है जब योगेश कुमार ने अपनी फिटनेस का लोहा मनवाया हो। इससे पहले संभाग स्तरीय बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में भी वे अपनी मजबूत मांसपेशियों और शानदार प्रदर्शन के दम पर 'मोस्ट मस्कुलर' का खिताब जीत चुके हैं। योगेश कुमार ने यह साबित कर दिया कि अगर अनुशासन, समर्पण और मेहनत के साथ कोई लक्ष्य तय किया जाए, तो सफलता अवश्य मिलती है। उनकी इस शानदार जीत पर बैतूल के खेल प्रेमी, फिटनेस ट्रेनर्स और जिम प्रेमियों ने उन्हें बधाई दी है।

राष्ट्रबाण
सिवनी, मंगलवार 11 फरवरी 2025

बालाघाट राष्ट्रबाण

● बैहर ● बिरसा ● कटंगी ● तिरोड़ी ● कटंगी ● खैरलांजी ● किरनापुर ● लालबर्रा ● लांजी ● परसवाड़ा ● वारासिवनी

# अवैध रेत उत्खनन में कौन-कौन शामिल?


## धपेरा घाट से हो रहा रेत का अवैध उत्खनन

जिला मुख्यालय से लगे लालबर्रा क्षेत्र के धपेरा रेतघाट से भी अवैध उत्खनन का कार्य जोरो पर है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार सरपंच पति साधु लाल कवास, जनपद सदस्य केशव नगपुरे और धर्मेंद्र नगपुरे द्वारा इस पूरे खेल को बेखौफ अंजाम दिया जा रहा है। वही सुत्रो की माने तो देवेंद्र नगपुरे रामकिशोर कावरे के करीबियों मे से एक है उनके द्वारा धपेरा रेतघाट से अवैध उत्खनन कार्य जोरो पर करवाया जा रहा है।



देवेंद्र नगपुरे रामकिशोर कावरे के साथ






### टोकन जारी कर निकाल रहे रेत

सूत्रों की माने से धपेरा रेतघाट से अवैध उत्खनन का कार्य कभी नही रुका और ना ही विभाग ने कभी कोई कडी कार्यवाही को अंजाम दिया। यहां रेत उत्खनन धड़ल्ले से किया जा रहा है, जिसकी रायल्टी भी नहीं दी जा रही है। बल्कि टोकन पर्ची जारी करके रेत निकासी की जा रही है, जिसे रायल्टी का दर्जा बताया जाता है। जबकि टोकन मान्य नही होती। वर्तमान में कोई भी रेतघाट स्वीकृत नही है। फिर भी रेत माफियाओं के द्वारा बैखौफ होकर प्रशासन व खनिज विभाग की नाक नीचे रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन किया जा रहा है।

### विभाग के पास सुनहरा अवसर

अब इस पूरे खेल का बेनकाब करने का खनिज विभाग के पास सुनहरा अवसर है। यदि अब भी कोई कार्यवाही की गई तो सालो से आमजन की जुबां से जो दाग खनिज विभाग पर लगते आ रहा है, वह कभी नही धुला जा सकेगा और जिले में रेत माफियाओं का राज चलता रहेगा। जो जीवनदायिनी नदी का आंचल निचोडने में कोई कोर कसर नही छोडेगें।

**बालाघाट। राष्ट्रबाण**

**जिले** में रेत उत्खनन व परिवहन का काम बदस्तूर जारी है। इस पूरे खेल के बीच कई रेत माफिया सक्रियता बनाये हुए है और रेत का अवैध उत्खनन कर रेत बेचने का काम कर रहे है। जिला मुख्यालय से लगे लालबर्रा क्षेत्र के धपेरा रेतघाट से भी अवैध उत्खनन का कार्य जोरो पर है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार सरपंच पति साधु लाल कवास, जनपद सदस्य केशव नगपुरे और धर्मेंद्र नगपुरे द्वारा इस पूरे खेल को बेखौफ अंजाम दिया जा रहा है।

वही सूत्रों की माने तो देवेंद्र नगपुरे रामकिशोर कावरे के करीबियों मे से एक है उनके द्वारा धपेरा रेतघाट से अवैध उत्खनन कार्य जोरो पर करवाया जा रहा है। क्षेत्र मे यह जनचर्चा जोरो पर है की वर्तमान जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे का इस रेत के अवैध उतखनन को संरक्षण मिला हुआ है इसलिए रेत के अवैध उतखनन मे खनिज विभाग भी मेहरबान बना हुआ है। जबकि खनिज विभाग को इस पूरे मामले की कई बार मौखिक शिकायत व सूचना दी जा चुकी है, लेकिन खनिज विभाग मूकदर्शन बना हुआ है। जब जिला स्तर से कोई कार्यवाही नहीं की गई तो सीएम हेल्पलाईन में शिकायत की गई परन्तु खनिज विभाग द्वारा जाँच किये बिना ही शिकायत जबरदस्ती बंद कर दी गयी द्य और शिकायत बंद करते वक़्त यह उल्लेख किया गया की शिकायतकर्ता के बताये स्थल से कोई भी व्यक्ति व वाहन रेत का अवैध उत्खनन करने मौके पर नही पाया गया। अपितु ग्रामीणो द्वारा कभी कभी स्वयं के उपयोग हेतू रेत निकासी किये जाने की बात कही गई। जिसके चलते शिकायत को विलोपित किया जाना उचित माना गया। आपको बता दे की शिकायत कर्ता द्वारा राष्ट्रबाण को यह भी जानकारी दी गयी की शिकायत को बंद करने के लिए ग्राम के कुछ लोगो द्वारा उसे फोन पर धमकी भी दी गयी द्य परंतु यहां गौर करने वाली बात यह है कि सालो से जो खनिज विभाग रेत माफियाओं के साथ जुगलबंदी करके पूरे खेल को संरक्षण देते आ रहा है, वे क्या निष्पक्ष जांच कार्यवाही कर पायेगें। यदि रेत का अवैध उत्खनन नही किया जा रहा है तो फिर शनिवार दिनांक 8 फरवरी की सुबह ही रेत से भरे ट्रेक्टर से हादसा हुआ था, वह रेत कहा से निकाली गई थी?

# पीएम श्री एयर एंबुलेंस से अमोली की 4 वर्षीय बच्ची भोपाल एम्स रवाना



**बालाघाट। राष्ट्रबाण**

**म** प्र शासन की स्वास्थ्य क्षेत्र की प्रगतिरत पीएम श्री एयर एम्बुलेन्स सेवा का जिले में दूसरी बार उपयोगी साबित हुई है। रविवार को लालबर्रा के अमोली की 4 वर्षीय मासूम बालिका स्मोही अवधिया को भोपाल के एम्स में उपचार के लिए उपयोग में लायी गयी है। सीएमएचओ डॉ. मनोज पांडे ने बताया कि कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशन में जिले में एयर एम्बुलेंस की मदद से एक मासूम बच्ची को उपचार के लिए भोपाल रवाना किया गया है।

जिला अस्पताल में जिंदगी से लड़ रही मासूम बच्ची अमोली निवासी को रविवार सुबह 7:30 बजे उपचार के लिए भोपाल एम्स रवाना किया गया। जिला मुख्यालय से राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजना से किसी मरीज के उपचार के लिए योजना सफल साबित हुई है। जबकि पहली बार गोंदिया से इस सेवा का उपयोग नक्सल घटना में घायल शिवकुमार शर्मा को उपचार के लिए दिल्ली उपचार के लिए रवाना किया जा चुका है। डॉ. पांडेय ने बताया कि आर्गन फेलियोर की समस्या से ग्रसित मासूम बच्ची स्मोही अवधिया पिता राहुल अवधिया जिला अस्पताल में पीआईसीयू में भर्ती थी। स्मोही की समस्या अत्यधिक गंभीर होती जा रही थी। ऐसे में उसका उपचार जिले में संभव हो पाना मुश्किल होता जा रहा था। जिसके बाद जिला प्रशासन की मदद से स्मोही को भोपाल एम्स भेजने का निर्णय लिया गया। रविवार सुबह 7:30 बजे पुलिस परेड ग्राउंड में हेलीकॉप्टर (एयर एम्बुलेंस) के जरिये स्मोही की भोपाल एम्स के लिए रवानगी की गई। इस कार्य में पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग व अन्य विभागों का भी सहयोग रहा।

# लालबर्रा में धूमधाम से मनाया जायेगा संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह 12 को

**लालबर्रा। राष्ट्रबाण**

**अखिल** भारतीय रविदासिया धर्म संगठन मध्यप्रदेश शाखा लालबर्रा द्वारा संत परम्परा के महान योगी एवं परम ज्ञानी संत शिरोमणि रविदास जी की 648 वीं जयंती समारोह कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा।

आयोजित कार्यक्रम की 12 फरवरी बुधवार दोपहर 12 बजे से रविदास चौक वार्ड क्र. 18 पांढरवानी से बस स्टैण्ड तक भव्य शोभायात्रा डीजे की धुन पर निकाली जायेगी, जिसके बाद दोपहर 2 बजे से बस स्टैण्ड लालबर्रा में आमंत्रित अतिथियों का स्वागत सत्कार व भव्य सभा होगी, वहीं शाम 6 बजे गुरुपूजा एवं महाआरती पश्चात् भोजनप्रसादी वितरण कार्यक्रम संपन्न होगा। आयोजित कार्यक्रम बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे, पूर्व केबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन के मुख्य आतिथ्य, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राटसिंह सरस्वार, भाजपा नेत्री मौसम हरिनखेड़े, जिला पंचायत सभापति डूलेन्द्र ठाकरे, झामसिंह नागेश्वर, पूर्व जनपद अध्यक्ष कैलाश अग्रवाल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती देवीलता मनोज ग्वालवंशी, जनपद उपाध्यक्ष किशोर पालीवाल, बसपा नेता खेमराज हरिनखेड़े, अशोक डोंगरे, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रसन्न अवधिया, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भाऊराम गाड़ेश्वर, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र ढाण्डे, जनपद सदस्य दीपक कावरे सहित अन्य अथितियों के विशेष आतिथ्य में संपन्न होगा।

आयोजित कार्यक्रम में ब्लॉक भर के स्वजातीयबंधुओ से अधिकाधिक उपस्थिति में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील रविदासिया समाज ब्लॉक अध्यक्ष दीपक चौधरी, उपाध्यक्ष सुरेश महोबे, फूलचंद बरैया, सचिव कमलेश खरोले, कोषाध्यक्ष नंदू हेमराज जगने, महामंत्री विजय तरवरे, संगठन मंत्री जितेन्द्र तरवरे, संरक्षक रमेश झाडेकर, एस. एल. छिप्पे, बालकचंद खरोले, गणपत तरवरे, लालदास बारेकर, कृष्णा महोबे, हीरालाल महोबे, चैनलाल छिप्पे, राधेलाल खरोले, शिवलाल सोनवर्से, मोहन खरोले, सोमन बारेकर, दिलीप बारेकर, कांसीदास बारेकर, दुर्गा जगने, पुरुषोत्तम खरोले, केशव महोबे, रमेश खरोले, प्रकाश खरोले सहित समस्त स्वजातीय बंधुओ ने की है।

राष्ट्रबाण
सिवनी, मंगलवार 11 फरवरी 2025

सिवनी राष्ट्रबाण

• बरघाट • छपारा • धनोरा • घंसौर • केवलारी • कुरई • लखनादौन • सिवनी ग्रामीण

# सिवनी में जल जीवन मिशन के पाइप चुराने वाले गिरफ्तार

## क्रेन से 6.72 लाख के पाइप किए थे गायब; आरोपियों में उत्तराखंड-पंजाब के चोर शामिल

**सिवनी। राष्ट्रबाण**



**मंडला** जिले में जल जीवन मिशन के तहत लगाए जा रहे लाखों रुपए के पाइप चोरी के मामले का सोमवार को सिवनी पुलिस ने खुलासा कर दिया। जिले की धूमा पुलिस ने इस मामले में चार अंतरराज्यीय चोरों को गिरफ्तार किया है।

धूमा थाना प्रभारी शत्रुघ्न पटले ने बताया है कि एलएनटी कंपनी के अधिकारी विजय वर्मा ने 8 फरवरी को शिकायत दर्ज कराई थी। पायली मल्टी विलेज रूरल वाटर सप्लाई योजना के लिए न्यू शिवहरे होटल के सामने मोहगांव में रखे 318 पाइपों में से 24 पाइप चोरी हो गए थे। जांच में पता चला कि चोरों ने क्रेन की मदद से पाइप चुराए और उन्हें दो ट्रकों में भरकर ले जाने की कोशिश की।

पुलिस ने नागनदेवरी गांव के पास से दो ट्रकों में भरे चोरी के पाइप बरामद किए। गिरफ्तार आरोपियों में उत्तराखंड के याकूब अली (28) और अर्जुन तेकवाल (20), पंजाब का चमकोर सिंह (32), और स्थानीय क्रेन ऑपरेटर जितेंद्र यादव शामिल हैं। पुलिस ने चोरी में इस्तेमाल किए गए दोनों ट्रक (यूके 14 सीए 7457 और यूके 08 सीबी 3212) और क्रेन को भी जब्त कर लिया है। यह चोरी ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने वाली महत्वपूर्ण सरकारी योजना को नुकसान पहुंचाने का गंभीर मामला है। बरामद किए गए पाइपों की कीमत 6.72 लाख रुपए आंकी गई है।

# वसूलीबाज जनपद एपीओ!

**बालाघाट। राष्ट्रबाण**

**जनपद** पंचायत बालाघाट के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मौरिया लगातार सुर्खियों में है। पहले इस पंचायत से तालाब निर्माण कार्य में फर्जी मस्टररोल भरकर रूपयो का आहरण करने का मामला उजागर हुआ था। जिसकी ग्रामीणो द्वारा सीएम हेल्पलाईन में शिकायत की गई, लेकिन मामले में जांच अधिकारी द्वारा शिथिलता बरती गई और शिकायतकर्ता को अब तक न्याय भी नही मिल पाया है। उस मामले में एपीओ दुर्गेश उर्फ़ नंन्दनी तिवारी जाचं अधिकारी बनाई गई थी, जिनके द्वारा तालाब निर्माण कार्य में फर्जी मस्टररोल भरकर पंचायतकर्मीयों द्वारा राशि आहरण करने की शिकायत में क्या जाचं की गई है, वह अब तक स्पष्ट नही हो पाया है। लेकिन इसी बीच अब दूसरा मामला भी उजागर हो गया है और इस मामले में जाचं अधिकारी एपीओ दुर्गेश उर्फ़ नंदनी तिवारी पर भी गंभीर आरोप लगाये जा रहे है।

यहां मौरिया पंचायत के ही रोजगार सहायक ने एपीओ दुर्गेश उर्फ़ नंदनी तिवारी पर सीएम हेल्पलाईन में की गई शिकायतो को बंद करवाने के एवज में रूपयो की डिमांड करने का आरोप लगाया है। जहां आरोप से संबंधित मौरिया पंचायत के रोजगार सहायक द्वारा, राष्ट्रबाण अखबार के जिला प्रतिनिधि को वह सभी साक्ष्य भी भेजे गये है, जो सरेआम एपीओ दुर्गेश उर्फ़ नंदनी तिवारी के भ्रष्ट होने की ओर संकेत करते है। एपीओ नंदनी तिवारी द्वारा पूर्व में रोजगार सहायक से की गई डिमांड पर जो राशि रोजगार सहायक द्वारा एपीओ दुर्गेश उर्फ़ नंदनी तिवारी को भेजी गई थी, उक्त राशी के आनलाईन पैमेंट की जानकारी भी साझा की गई है। जिससे साफ स्पष्ट होता है कि एपीओ दुर्गेश उर्फ़ नंदनी तिवारी द्वारा शिकायती प्रकरणो में निष्पक्ष जाचं ना करते हुए मामले को दबाने की कोशिश करती है और उसके एवज में सचिव या रोजगार सहायको से रूपयो की डिमांड की जाती है ?



दुर्गेश तिवारी, ए पी ओ : जांच का डर दिखा कर, कर रही वसूली।

- भ्रष्टाचार में लिप्त मनरेगा अधिकारी दुर्गेश उर्फ़ नंदनी तिवारी
- मनरेगा में जांच एवं कार्यवाही के नाम पर कर रही पैसो की उगाही!

### रुपयों की डिमांड का मामला

चूंकि यह पूरा मामला सीएम हेल्पलाईन में की गई शिकायतों को बंद करवाने या उसकी जांच में धांधली कर सचिव व रोजगार सहायक का बचाव करने के एवज रूपयो की डिमांड से जुड़ा है, तो आगे समझा जा सकता है कि बालाघाट जनपद की अन्य पंचायतों में भी शिकायते होती है तो वहां भी खूब धांधली की गई होगी और वसुली का गोरख धंधा निर्मित हो गया है। सुत्रो की माने तो एपीओ दुर्गेश तिवारी के द्वारा सिर्फ मौरिया पंचायत में ही यह प्रयास नही किया गया है, बल्कि बालाघाट जनपद की कई अन्य पंचायतों के रोजगार सहायको व सचिवो से भी वसुली की जा चुकी है।




### डिमांड पूरी नहीं होती तो करते है प्रताड़ित

यदि इनकी डिमांड पूरी नहीं होती तो यह सचिव व रोजगार सहायक को लगातार प्रताड़ित करती है और जांच उपरांत कार्यवाही करने की बात की जाती है। साथ ही हमेशा रुपयो की मांग करके मामला रफा-दफा करने की बातें कही जाती है। इससे पंचायतो में भी भ्रष्टाचार की जड़ें मजबूत होती है । जो सचिव व रोजगार सहायक दुर्गेश नंदनी तिवारी के ईशारे पर कार्य करता होगा, वह भला पंचायत में भ्रष्टाचार व धांधली करने से क्यो सोचेगा ? ए पी ओ दुर्गेश नंदनी तिवारी ऐसे ही भ्रष्ट कर्मचारीयों को संरक्षण देकर अपनी आय दोगुनी करवा रही है। इस पूरे प्रकरण के संबंध में राष्ट्रबाण ने फोन पर उनसे भी चर्चा की तो बातो को टाल मटोल कर जवाब दिया गया और कहा की मौरिया के सचिव से पूछ कर बताती हूं, यह कहते हुए अपना पल्ला झाड़ लिया। अब देखना होगा की ऐसे भ्रस्ट जनपद ए पी ओ पर प्रशासन क्या कार्यवाही करता है।

# गांजा बेचने वाली महिला को पहुंचाया जेल

## थाने की कमान लेते ही नवागत थाना प्रभारी सुनील ने की अवैध गांजा बिक्री करने वाली महिला के खिलाफ कार्यवाही



**लालबर्रा। राष्ट्रबाण**

**पुलिस** अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालाघाट द्वारा जिले में अवैध रुप से मादक पदार्थ बिक्री करने वालों पर अंकुश लगाने एवं पकड़कर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। दिये गये निर्देश के परिपालन में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) वारासिवनी के मार्गदर्शन में एवं नवागत थाना प्रभारी लालबर्रा सुनिल चतुर्वेदी के नेतृत्व में 08 फरवरी 2025 को विश्वसनीय मुखबिर की सूचना पर दबिश कार्यवाही एवं सूचना तस्दीक हेतु तत्काल पुलिस टीम को रवाना किया गया जो दबिश कार्यवाही करते हुए संदेही राखी पति भरत सरांठे जाति नाई उम्र 20 साल निवासी जनता नगर सिवनी, वर्तमान निवास प्रशांती लान के पास मानपुर लालबर्रा के कब्जे से थैली में भरा अवैध मादक पदार्थ गांजा जिसका कुल वजन 01 किलो 380 ग्राम कीमत करीबन 18000 रुपये को पकड़कर जप्त करने और आरोपिया को गिरफ्तार कर जेल भेजने में लालबर्रा पुलिस को सफलता मिली है ।

आरोपियो से पूछताछ पर पुलिस मामले से जुड़े रैकेट पर काम करते हुए अन्य आरोपियों की सघन तलाश कर रही है, शीघ्र ही पूरे रैकेट का खुलासा कर गिरफ्तार की जाएगी। अवैध मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करने वाली उक्त महिला की गिरफ्तारी में इनकी रही सराहनीय भूमिका- नवागत थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सुनील चतुर्वेदी, उनि वैशाली उइके, सउनि विजय बिसेन , आरक्षक 380 हेमन्त बिसेन, म.आर 1029 कंचन बिंझाड़े की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। थाना क्षेत्र में दिन रात और भी अन्य कई नंबर 02 के अवैध कामों पर अंकुश लगाने एवं अवैध काम करने वाले माफियाओं पर उचित एवं कठोर कार्रवाई करने में कितना खरा उतर पाते हैं नवागत थाना प्रभारी सुनील चतुर्वेदी यह आगे देखने मिलेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक संजय बघेल द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 26-बी, देशबंधु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर भोपाल म.प्र से मुद्रित कराकर शिवनगर कॉलोनी सड़क मोहल्ला मरझोर जिला सिवनी से प्रकाशित।
RNI NO.: MPHIN/2015/72804 , **संपादक* संजय बघेल** पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादों का निपटारा न्यायालयीन क्षेत्र सिवनी होगा। E-mail: rashtrabaan@gmail.com. mob: 7000427433